वन रक्षक आवास बना नौनिहालों के लिए पाठशाला

वन विभाग के एक ही आवास में संचालित स्कूल और आंगनबाड़ी

- कुछ साल पहले बना स्कूल हो गया क्षतिग्रस्त
- तीन साल में भी भवन की मरम्मत नहीं

शुभम साहू

सिलवानी, 5 अगस्त. वन परिक्षेत्र पश्चिम के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिमरिया कला में स्थित वन रक्षक आवास नाका स्कूल के बच्चों और आंगनबाड़ी के नौनिहालों के लिए पाठशाला बन गया है. वन रक्षक आवास में स्कूल के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं.

बच्चों को नया स्कूल और आंगनबाड़ी भवन नहीं मिल पा रहा है. मजबूरी में स्कूल और आंगनबाड़ी के बच्चे एक साथ एक छत के नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. वन रक्षक आवास में एक साथ बैठकर अपना भविष्य

खोज रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर जिले के अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारियों से बचते नजर आ रहे हैं.

सिलवानी मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम सिमरिया कला में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का स्कूल भवन जर्जर हो गया है, जो दूर से देखने पर अच्छा खासा नजर आता है, लेकिन अंदर से इसकी हालत बदहाल है, इतनी कि स्कूल के शिक्षक बच्चों को इस भवन में बिठाने से डरते हैं. स्कूल के 37 तथा आंगनबाड़ी के 47 बच्चे अपनी पढ़ाई वन विभाग नाका के आवास में कर रहे हैं.

शाला भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण अब ये उपयोगी नहीं है. बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए हम वन विभाग के नाके में स्कूल को संचालित कर रहे हैं. इस स्कूल की समास्या को लेकर में निरंतर तीन वर्षों से पत्राचार कर रहे हैं.

नीलमणि शुक्ला, स्कूल प्रभारी

वरिष्ठ कार्यालय को इस संबंध में अवगत करा दिया है. स्कूल मेंटेनेंस की राशि आते ही मरम्मत कार्य कराया जाएगा. शिक्षकों को कहा है कि सुरक्षित स्थान पर ही शाला का संचालन करें.

-महजबी सिद्दीकी, बीआरसी

दीवारों में दरारें, छत से झांक रहा लोहा

स्कूल भवन की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं, सीमेंट उखड़ चुका है. भवन की छत भी कई जगह से टूट टूट कर गिर चुकी है. छत में से गिट्टी गिर रही है और लोहा बाहर झांक रहा है. अंदर से स्कूल किसी खंडहर जैसा दिखाई दे रहा है. इसी स्कूल में बच्चों की कक्षाएं और आंगनबाड़ी लग रही थी. अब हालत इतने खराब हो गए हैं कि शिक्षक इसे बच्चों के लिए उपयोग करने से कतरा रहे हैं. सिमरिया कला में आंगनबाड़ी भवन ही नहीं है. स्कूल के ही एक कमरे में आंगनबाड़ी लग रही थी.

3 साल से लगा रहे गुहार

स्कूल के शिक्षक पिछले तीन साल से विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भवन की स्थिति बताकर नए भवन के निर्माण की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. अधिकारी बच्चों और उनके भविष्य से खिलवाड़ा कर रहे हैं.

स्कूल तथा आंगनबाड़ी के बच्चों को वन विभाग के आवास में बिठाकर पढ़ाया जा रहा है. स्कूल का भवन खतरनाक होने से इसके बच्चों को नहीं बिठा रहे है.

-द्रोपदी उइके, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

पिछले तीन साल से स्कूल भवन जर्जर है. इसका आवेदन हम निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहे हैं, लेकिन अभी तक अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है. बीते साल छत से सीलिंग फेन गिर गया था. संयोग से कमरे में बच्चे नहीं थे.

-बृजमोहन बरकरे, ग्रामीण

75 हजार कीमती सागौन लकड़ी जब्त

सिलवानी. वन विभाग ने मंगलवार को छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में अवैध सागौन की लकड़ी जब्त की है. वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेन्द्र कुमार पालेचा के नेतृत्व में वन अमले ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड क्रमांक 6 पड़ान सिलवानी और तलैया मोहल्ला में दबिश दी. तलाशी के दौरान दोनों स्थानों से कुल 110 नग सागौन की ईमारती चिरान व गोल लकड़ी बरामद की गई, जिसकी कुल माप 0.784 घन मीटर है और बाजार मूल्य लगभग 75,000 आंका गया है. इस मामले में मुजाहिद हुसैन आत्मज जाहिद हुसैन, निवासी वार्ड 6 पड़ान सिलवानी पर वन अपराध प्रकरण 47374/8 एवं 47356/19 दर्ज किया गया है. इस कार्रवाई में उप वनमंडलाधिकारी इंदर सिंह बारे, अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा, डिप्टी रेंजर गोवर्धन दास जाटव, वनपाल अखिलेश रजक, कमलेश तिवारी, मदनमोहन, हरनारायण सिंह, जुबेर, अमित धुर्वे, प्रेमनारायण, दाऊद, संतोष तिवारी, रईश, रघुवीर, धर्मेन्द्र सहित अन्य वनकर्मियों ने विशेष भूमिका निभाई.

एक नजर में

आदिवासी पर भालू का हमला, गंभीर घायल रायसेन रेफर

बम्होरी. वन परिक्षेत्र बम्होरी के वन ग्राम पोड़ी के जंगल में ग्राम पोड़ी निवासी कमल सिंह आदिवासी 45 वर्ष पर वन्य प्राणी भालू के हमला कर घायल कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई है. प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया. घायल व्यक्ति अपने खेत पर काम कर रहा था, तभी अचानक भालू ने हमला कर दिया. जिससे कमल सिंह को गंभीर चोट पहुंची. पूरा चेहरा चोटिल हो गया. हाथ की टोनी के पास मांस नहीं बचा. ग्रामीण की मदद से बम्होरी के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया.

80 पैसे किलो से खरीदी जाए नरवाई

- बायोगैस संयंत्रों को मिलेगा कच्चा माल
- भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

सिलवानी, 5 अगस्त. भारतीय किसान संघ, मध्य भारत रायसेन ने नरवाई (पराली) की समस्या के समाधान के लिए एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी पीसी शाक्य को सौंपा. ज्ञापन में राज्य में बढ़ते नरवाई दहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और किसानों के हित में समाधान सुझाया है.

प्रदेश में नरवाई जलाने की समस्या से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. किसान संघ ने सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि खेतों में बची नरवाई की अधिकता को देखते हुए किसानों को सुलभ एवं आर्थिक रूप से लाभकारी विकल्प प्रदान किया जाना आवश्यक है. अंत में संघ ने प्रशासन और सरकार से आग्रह

छत्तीसगढ़ मॉडल का हवाला

ज्ञापन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गोबर खरीदी मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में भी इसी तर्ज पर काम किया जा सकता है. जहां बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित हैं, वहां पंचायत स्तर पर नरवाई की खरीदी का प्रावधान किया जाए. यदि सरकार नरवाई की खरीदी 80 पैसे प्रति किलो की दर करें, तो इससे किसानों को नरवाई जलाने से रोका जा सकता है. साथ ही, इससे बायोगैस संयंत्रों को कच्चे माल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी. संघ ने इसे पर्यावरण संरक्षण, किसानों के हित और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन तीनों के लिए लाभकारी बताया है.

किया कि इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र कार्यवाही की जाए, जिससे आने वाले समय में नरवाई जलाने की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके. ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान संघ के संभाग सह मंत्री राघवेंद्र रावत, जिला मंत्री महेंद्र रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश, वीरेंद्र रघुवंशी, सुरेंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या किसान उपस्थित रहे.

दो बाइकों में जोरदार टक्कर, एक की मौत, 3 गंभीर घायल

सिलवानी. क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. सोमवार को हुए एक हादसे में बाइक सवार की जान चली गई थी, वहीं मंगलवार को एक और भीषण दुर्घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया. सिलवानी-सागर स्टेट हाईवे-15 पर दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय युवक देवेंद्र अहिरवार निवासी सर्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की पहचान चतर सिंह अहिरवार (40) निवासी सर्रा, रितेश लोधी (20) निवासी सागर एवं दीवान लोधी (24) के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ही बाइक सवार काफी तेज गति में थे. नियंत्रण खो बैठने की वजह से भिड़ गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर चारों ओर अफरा-तफरी मच गई.

35 ग्रामीण युवतियों को ब्यूटी पार्लर की दी ट्रेनिंग

बेगमगंज, 5 अगस्त. ग्रामीण अंचल के विभिन्न ग्रामों की जनपद पंचायत कार्यालय (एनआरएलएम) में आयोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) के कार्यक्रम में क्षेत्र की बेटियों को निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र आज ट्रेनिंग पूरी होने पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के द्वारा वितरित किए गए.

आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक सुधीर सोनी एवं सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी सुनीता सोनी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य व प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों का परिचय कराते हुए उन्हें अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा संचालित संस्था आरसेटी के माध्यम से ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण देकर कुशल प्रशिक्षित बताया.

संस्था के डायरेक्टर राकेश कुमार, प्रशिक्षिका नेहा भार्गव कुमारी, सुधा विश्वकर्मा, अनिता लोधी द्वारा भी बताया गया. जिला मुख्यालय पर स्थित आरएसईटीआई भवन में विभिन्न प्रकार के रोजगारउन्मुखी आवासीय एवं गैर आवासीय प्रशिक्षण चलने के संबंध मे विस्तार से बताया कि सभी प्रकार के रोजगारमूलक प्रशिक्षण निशुल्क दिए जाने का उद्देश्य गांव की बेटी को भी अपने पांवों पर खड़ा करके आत्मनिर्भर बनाना है.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचल के अंतिम छोर तक के गांव की बेटियों द्वारा अपने पांव पर खड़े होने के लिए उनमें सीखने की लगन एवं काम के प्रति समर्पण ओर उनके नवाचार को देखकर गर्व होता है. ये भविष्य की सफल उद्यमी बनकर समाज की प्रेरणा बनेगी.

आम, सतपर्णी, जामुन, मुनगा, नीबू के पौधे रोपे

ग्राम जमुनिया पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम

सिलवानी. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड सिलवानी की नवांकुर संस्था सत्यार्थ वेलफेयर फाउंडेशन एवं प्रस्फुटन समिति जमुनिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पंचायत भवन के समीप 32 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया. इस अभियान के तहत 7 आम, 2 सतपर्णी, 14 जामुन, 4 मुनगा एवं 5 नींबू के पौधे लगाए गए.

पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मातृप्रेम को प्रकृति से जोड़ते हुए सामाजिक चेतना का प्रसार करना भी है. कार्यक्रम में सत्यार्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद पाठक, शिक्षक विजय सोनी, रामकुमार राय, सतीश साहू, अर्जुन

कुशवाहा, मेंटर्स प्रदीप प्रजापति, हर्ष विश्वकर्मा, ब्लॉक समन्वयक वीरेन्द्र यादव सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर पौधारोपण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संकल्प लिया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज की पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है और इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं.

लोकल यूथ ने शिवराज सिंह को सौंपा ज्ञापन

बम्होरी. लोकल यूथ ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है. लोकल यूथ सर्वेयर की नियुक्ति प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए माह जुलाई 2024 में एमपी भू अभिलेख पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन हुई थी. सभी लोकल यूथ सर्वेयर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे खरीफ 2024, रबी 2025, जायद 2025, फॉर्मर आईडी, आरओआर केवाईसी को समय सीमा में पूर्ण किया है. लोकल यूथ रोजगार की अनिश्चतता के अभाव में मानसिक एंव आर्थिक रूप से संकटग्रस्त हैं. हम इन्सेंटिव के आधार पर अपने परिवार का पालन पोषण करने में असमर्थ हैं. सर्वेयरों को लोकल यूथ को नियमित रोजगार एंव मासिक मानदेय प्रदान किया जाए. प्रत्येक लोकल यूथ को नियुक्ति लेटर मिले.

परंपरागत रूप से मनाई राष्ट्रकवि गुप्त की जयंती

राष्ट्र कवि ने महिलाओं की दुर्दशा पर किया प्रहार

बेगमगंज, 5 अगस्त. राष्ट्रकवि डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त की जयंती बजरिया मंदिर परिसर में परंपरागत रूप से हर्ष उल्लास के साथ मनाते हुए राष्ट्रकवि के चित्र पर माल्यार्पण किया गया.

कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल गुप्ता अधिवक्ता, वर्तमान अध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता, कोषाध्यक्ष कैलाश नारायण गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता, माखनलाल गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मंदिर पुजारी नंदकिशोर देवलिया आदि समाज बंधु उपस्थित रहे.

अधिवक्ता बद्री विशाल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र कवि ने समाज में महिलाओं की उन्नति के लिए दुर्दशा पर प्रहार करते हुए लिखा है अबला जीवन तेरी यही कहानी आंचल में है

दूध और आंखों में है पानी, इसी प्रकार राष्ट्र कवि ने भारतीय एकता सामाजिक एकता के विषय में प्रसिद्ध रचनाएं लिखी है. भारत भारती उस समय काफी राष्ट्रीय एकता की उद्घोषक रही. उन्होंने राष्ट्रकवि के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज एवं राष्ट्र हित में कार्य करने की बात कही. वहीं अध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता ने राष्ट्रकवि की कालजयी कृति 'भारत भारती' पर वक्तव्य एवं कविता पाठ किया. रामबाबू गुप्ता ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त की काव्य रचना भारत भारती ने 1912 में अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी, जिसके कारण इस पुस्तक पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंध भी लगाया था. स्वर्णलता, मधुप, रसिकेंद्र भारती, नित्यानंद जैसे उपनामों से साहित्य रचने वाले इस महाकवि को हिंदी जगत में दद्दा नाम से भी जाना जाता है. महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि दी थी. कार्यक्रम के समापन पर सभी को मिठाई का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया.

खाद मामला खाद की कालाबाजारी रोकने उठाया बड़ा कदम, सोसायटियों के समिति प्रबंधकों को दी जिम्मेदारी

जिले में 31 अगस्त तक डेढ़ लाख किसानों को मिलेंगे कार्ड

रायसेन, 5 अगस्त. जिले में खाद की कालाबाजारी किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे. क्योंकि जिला केंद्रीय सहकारी बैंक ने किसानों को अब डेबिट कार्ड बना कर देगी .जिससे खाद की काफी हद तक कालाबाजारी पर रोक लग सकेगी. किसानों के डेबिट कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी कृषक सेवा सहकारी समिति प्रबंधकों को दी गई है.

कार्ड सहकारी बैंक की शाखाओं में बनाए जाएंगे. किसान समिति प्रबंधकों या फिर स्वयं बैंक की शाखाओं में जाकर कार्ड बनवा सकते हैं.

जिले की सभी 113 समितियों में क्रेडिट कार्डधारी किसानों की संख्या करीब 1.55 लाख है. इन सभी को डेबिट कार्ड जारी किए जाने की योजना है. खाद की कालाबाजारी रोकने केंद्रीय सहकारी बैंक अब डेबिट कार्ड की व्यवस्था लागू करने जा रहा है. बिना कार्ड के खाद लेने की छूट केवल अगस्त महीने तक रहेगी. अगले महीने समितियों से केवल वही किसान खाद ले सकेंगे, जिनके पास डेबिट कार्ड होगा. बैंक की ओर से इस व्यवस्था पर सख्ती से अमल कराए जाने का निर्णय लिया गया है. किसानों के डेबिट कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी. जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के मुताबिक कृषक सेवा सहकारी समितियां में क्रेडिट कार्ड केजरिए जिले के डेढ़ लाख किसान खाद लेते हैं. इन सभी किसानों को 31 अगस्त तक डेबिट कार्ड बनाने का लक्ष्य तय किया गया है.योजना के अनुसार स्वाइप मशीनें उपलब्ध करवा दी गई.

बैंक शाखा स्तर पर अभी तक16 हजार डेबिट कार्ड बनाकर किसानों को बांटे जा चुके हैं. इनमें से ज्यादातर किसान कार्ड का उपयोग नहीं करते. अगले सितंबर माह से रबी सीजन के लिए किसानों के खाद उठाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इसीलिए अब जल्दी किसानों के लिए डेबिट कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी, बल्कि अब खाद लेने के लिएइस डेबिट कार्ड की अनिवार्यता तय की जाएगी.

फर्जीवाड़ा पर लगेगी लगाम, कई फायदे

- डेबिट कार्ड से किसान तय लिमिट तक ही खाद ले सकेंगे.
- जरूरत से अधिक खाद लेकर कालाबाजारी नहीं हो सकेगी.
- किसानों के फर्जी हस्ताक्षर से खाद निकालना संभव नहीं होगा.
- किसानों को जारी खाद की डिटेल उनके मोबाइल फोन पर आएगी.
- खाद लेने के लिए किसानों को परमिट की जरूरत नहीं पड़ेगी.
- किसान किसी भी समिति से कार्ड के जरिए खाद ले सकेंगे.

किसानों के नाम से फर्जीवाड़ा करते हुए खाद निकालने के कई मामले सामने आए हैं. सांची विकासखंड कुछ सहकारी समितियों में हुई अनियमितता पर कार्रवाई भी हुई है. अभी जून में ही करीब 25 किसानों के नाम जरूरत से ज्यादा खाद जारी की गई है. इसलिए डेबिट कार्ड से खाद निकाले जाने की व्यवस्था पर सख्ती से अमल कराए जाने की योजना बनाई गई है.

-अंजुली धुर्वे, सीइओ, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, रायसेन

7 स्कूलों में गायब मिले शिक्षक, सभी को नोटिस

- बीईओ ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

बेगमगंज, 5 अगस्त. आज ब्लॉक शिक्षाधिकारी राजेन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ करीब 7 शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया. कई स्कूलों में अव्यवस्था तो कई में शिक्षक गायब मिले. उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं.

ब्लॉक शिक्षा धिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्राथमिक शाला घोघरी, अमोली, सुनेटी, घाना, चौका एवं हाई स्कूल कुंडा, पड़रिया राजाधार इत्यादि का औचक निरीक्षण में प्राथमिक शाला घोघरी एवं प्रा. अमोली का जब निरीक्षण किया तो 10.30 बजे से 11 बजे तक तालाबंदी रही कोई भी शिक्षक नहीं आया था. घोघरी में प्राथमिक शिक्षक राधेश्याम अहिरवार एवं राजेश शर्मा अनुपस्थित रहे. वहीं प्राथमिक शाला अमोली में दोनों अतिथि शिक्षकों सहित शिक्षक हरिसिंह शाक्य भी अनुपस्थित मिले. प्राथमिक शाला चौका में शिक्षक जीवन कौशिक दो दिन से स्कूल ही नहीं आने पर अनुपस्थित मिले. जिन्हें शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं. प्राथमिक शाला सुनेटी की शिकायत की जांच की गई. हाई स्कूल कुंडा एवं हाई स्कूल पड़रिया राजाधार संचालित मिले.